**Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India**
**Media and Public Relations Office**

दिनांक: 05/02/2023

**प्रकाशनार्थ**

पुनीत सागर अभियान के अंतर्गत 44वीं  यूपी बटालियन एनसीसी, गोरखपुर के तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर के एनसीसी कैडेटों द्वारा रामगढ़ ताल के नौकायन परिसर की साफ सफाई की गयी। यह अभियान  ले. अनुपम सिंह के नेतृत्व में किया गया।  ले. अनुपम सिंह ने  कैडेटों को संबोधित करते हुए कहा कि  प्राकृतिक संसाधनों के अति दोहन को रोककर प्रकृति संरक्षण द्वारा ही  प्राकृतिक आपदाओं से बचा जा सकता है। अपने जन जीवन को स्वच्छ रखते हुए ही दूसरे के भी जीवन की रक्षा कर सकते हैं। इस अवसर पर 44वीं यूपी बटालियन एनसीसी के नायक सूबेदार रामअवतार  सिंह सहित विश्वविद्यालय के बोनाफाइड और एलुमनाई कैडेट उपस्थित रहे।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur